**बरेली पुलिस**

# थाना भुता

**प्रेस नोट**
**दिनांक 30.07.2025**

**थाना भुता बरेली पुलिस द्वारा कांवडियों के विश्रामस्थल से उनके मोबाइल, कैश आदि सामान चोरी करने वाले एक शातिर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार। कब्जे से 05 मोबाइल, 2000/- रुपये नकद एवं अन्य सामान बरामद।**

**घटना का संक्षिप्त विवरण/परिचयः-**

अभियुक्त भगवतसरन पुत्र रामेश्वर दयाल निवासी ग्राम महेशपुर थाना भुता जनपद बरेली द्वारा दिनांक 20.07.2025 को वादी जसवीर सिंह पुत्र नथ्थू उम्र करीब 34 वर्ष निवासी ग्राम लहिया थाना भुता जनपद बरेली के पुत्र नितेश के बैग से मोबाइल जिसका I.M.E.I. नं0 350304312014931, 350304318110253 व एक हजार रूपये चुरा लेने आदि के सम्बन्ध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना भुता पर दिनांक 29.07.2025 को मु0अ0सं0 341/2025 धारा 303(2) BNS बीएनएस पंजीकृत हुआ ।

**सूचना, पुलिस टीम एवं कार्यवाही:**

दिनाँक 31.07.2025 को जब व0उ0नि0 श्री जोगेन्द्र सिंह, उ0नि0 श्री इन्द्रदेव सिंह, हे0का0 680 शीशपाल विवेचना में मामूर होकर हल्का नं0 5 भुता गांव के मैन तिराहे पर पर पहुँचे तो मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त भगवतसरन पुत्र रामेश्वर दयाल निवासी ग्राम महेशपुर थाना भुता जनपद बरेली को समय 09.30 बजे फरीदपुर रोड पर महेशपुरा तिराहे से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से 05 मोबाइल स्मार्ट फोन 1.मोबाईल इन्फिनिक्स (IMEI no. 350304312014931 तथा IMEI no no, 350304318110253 कलर फिरोजी), 2. मोवाईल Oppo कम्पनी काला रंग (IMEI no. 868156060985232 , 868156060985224), 3. मोबाइल इनफिनिक्स आसमानी रंग (IMEI no. 356670116189864 , 356678116189872), 4. मोबाइल सैमसंग चोकलेटी कलर, 5. मोबाइल Oppo कम्पनी मैहरूम कलर तथा एक बैग बरामद हुआ जिसकी जेब से 2000/ रूपये तथा भगवान शिव के छपे हुये कपड़े बरामद हुये। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

भगवतसरन उम्र करीब 20 वर्ष पुत्र रामेश्वर दयाल निवासी ग्राम महेशपुर थाना भुता जनपद बरेली।

**पंजीकृत अभियोग का विवरण:-**

मु0अ0सं0 341/2025 धारा 303(2) BNS व वृद्धि धारा 317(2) बीएनएस थाना भुता जनपद बरेली।

**पूछताछ एवं अभियुक्त का विवरण -**

अभियुक्त भगवतसरन उम्र करीब 20 वर्ष पुत्र रामेश्वर दयाल निवासी ग्राम महेशपुर थाना भुता जनपद बरेली द्वारा बताया गया कि मैं कोई काम धंधा नहीं करता। अपना खर्च चलाने के लिये मैं काँवड शिविर में भगवान शिव के छपे हुये कपडे पहनकर थाना भुता क्षेत्र में पड़ने वाले शिविर के संचालक को यह बताकर कि मेरा कांवड़ जत्था मुझसे बिछड़ गया है, वहीं रात्रि में विश्राम करता था तथा पूर्व से विश्राम कर रहे कांवड़ियों के जत्थे जब थक हारकर गहरी नींद में सो जाते थे, तो उनके मोबाइल, बैग, पैसे, पर्स आदि लेकर निकल जाता था। मैंने यह मोबाइल भिन्न-भिन्न जत्थों के भोलों के चोरी किये हैं। मैं भोले के कपड़े पहनकर रहता था। इसलिये कोई मुझ पर शक नहीं करता था। आज मैं इन मोबाइल फोनों को बेंचने के लिये जा रहा था कि थाना भुता पुलिस ने मुझे पकड़ लिया।

**बरामदगी-**

1. 05 मोबाइल स्मार्ट फोन
2. 2000/ रूपये नकद
3.भगवान शिव के छपे हुये कपड़े

**पुलिस टीम-**

1. व0उ0नि0 श्री जोगेन्द्र सिंह, थाना भुता जनपद बरेली।
2. उ0नि0 श्री इन्द्रदेव सिंह, थाना भुता जनपद बरेली।
3. हे0का0 680 शीशपाल थाना भुता जनपद बरेली।